शब्दबाणों का प्रहार
मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार
राष्ट्रबाण
सिवनी
संपादक : संजय बघेल
सोमवार 9 मार्च 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in ● वर्ष : 10 ● अंक : 308 ● पृष्ठ : 06 ● मूल्य : 5.00 रुपए
www.facebook.com/rashtrabaan www.twitter.com/rashtrabaan



@ PG 2

## न्यूज ब्रीफ

### 300 करोड़ पेड़ लगाएगी सरकार, 33% फॉरेस्ट कवर का लक्ष्य

**मुंबई।** महाराष्ट्र में जंगल क्षेत्र बढ़ाने के लिए राज्य सरकार 300 करोड़ पेड़ लगाने की योजना बना रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि इसका लक्ष्य राज्य में 33 प्रतिशत फॉरेस्ट कवर हासिल करना है। उन्होंने बताया कि पेड़ों की सुरक्षा के लिए सरकारी नीति में आर्बोरिकल्चर को भी शामिल किया जाएगा। इसके जरिए वैज्ञानिक डेटा, मौसम और मिट्टी के हिसाब से अलग अलग जातियों के पेड़ लगाए जाएंगे। महाराष्ट्र आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार राज्य का मौजूदा फॉरेस्ट कवर 16.5 प्रतिशत है।

### प्रधानमंत्री कल पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित करेंगे

**नईदिल्ली।** पीएम मोदी 9 मार्च को सुबह 10.15 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'सबका साथ सबका विकास-लोगों की उम्मीदों को पूरा करना' थीम पर पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को इसकी जानकारी दी। सोमवार से ही बजट सत्र का दूसरा सेशन भी शुरू हो रहा है।

### कर्नाटक में स्कूली छात्र ने देर रात रॉड से हमला किया

**बल्लारी।** कर्नाटक के बल्लारी जिले के गुरुकुल रेजिडेंशियल स्कूल में एक छात्र ने अपने ही साथी की हत्या कर दी। घटना शनिवार देर रात की हैं। जब आरोपी छात्र ने अचानक अपने साथियों पर बेड की रॉड से हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार, यह घटना तब हुई जब छात्र रात का खाना खाकर सो रहे थे। आरोपी ने अचानक बेकाबू होकर रॉड उठाई और जो भी सामने आया उस पर वार करना शुरू कर दिया।

### केरल में विदेशी जहाज से टक्कर के बाद मछुआरों की नाव डूबी

**कोल्लम।** केरल के कोल्लम तट से करीब 120 नॉटिकल मील दूर एक विदेशी जहाज से टक्कर के बाद मछुआरों की नाव डूबी। घटना में बाद दो मछुआरे लापता हैं।

राष्ट्रबाण
अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए
सिर्फ 100 रुपए महीना
संपर्क : 7000427433

# इंदौर में मिसाइलों से उड़ा गुलाल रंगीन हो गया आकाश



● हाथी की सूंड, टैंक से रंगों की बौछार ● उज्जैन में होली गीतों पर थिरके मुख्यमंत्री

इंदौर | एजेंसी
rashtrabaan.in

**रंगपंचमी** पर्व पर रविवार को मध्य प्रदेश रंगों और गुलाल से सराबोर रहा। इंदौर में टोरी कॉर्नर की गेर में तीन टैंकरों पर मिसाइलें लगाकर रंग बरसाया गया। ऑपरेशन सिंदूर की याद में टैंक से रंगीन पानी की बौछार की गई। नगर निगम की गेर में हाथी की प्रतिकृति की सूंड से रंगीन पानी लोगों पर डाला गया।

इस दौरान इतना गुलाल उड़ा कि आकाश रंगीन नजर आने लगा। मॉरल क्लब समिति की गेर में 15 ब्लोअर मशीनें, 6 डीजे गाड़ियां, एक बड़ी बोरिंग मशीन और 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर अलग-अलग झांकियां चलती रहीं।



संगम कॉर्नर समिति की गेर में बरसाना की टीम ने लट्ठमार होली खेली। राधा-कृष्ण की जोड़ी ने रास रचाया। युवाओं की टोली होली गीत और देशभक्ति के तरानों पर नाचती-झूमती रही।

इससे पहले रंगोत्सव की शुरुआत उज्जैन में बाबा महाकाल को केसरयुक्त जल अर्पित करके की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ध्वज पूजन किया। बाबा का अभिषेक करने के बाद प्रदक्षिणा की। तलवारबाजी के जौहर भी दिखाए। फिर संतनगर की गेर में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लोगों पर फूल और गुलाल बरसाए। होली गीतों पर दोनों हाथ उठाकर थिरकते नजर आए।

### उज्जैन की गेर में पटाखा फोड़ा

उज्जैन में संत नगर की गेर में सीएम यादव के पहुंचने से पहले किसी ने पटाखा फोड़ दिया। अचानक फोड़े गए इस पटाखे की आवाज सुनकर हल्की भगदड़ की स्थिति बन गई। जमीन पर गिर जाने से एक शख्स घायल हो गया। जिसे एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया है। इंदौर में 120 से ज्यादा सफाई कर्मचारियों की टीम ने शहर की सफाई की। नगर निगम ने अपने रंग उत्सव में रंग उड़ाकर सफ़ाई का संदेश दिया।

# लेबनान में इजराइली हमले में 15 की मौत

## बेरूत के होटल को निशाना बनाया, हिजबुल्लाह ने जवाबी हमले का दावा किया



तेल अवीव | एजेंसी
rashtrabaan.in

**लेबनान** में शनिवार रात हुए इजराइल के हवाई हमलों में 15 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा 15 लोग घायल हुए हैं। हमलों में राजधानी बेरूत के एक होटल को निशाना बनाया गया, जहां युद्ध के कारण विस्थापित लोग ठहरे हुए थे।

लेबनान की नेशनल न्यूज एजेंसी के मुताबिक होटल पर हुए हमले में चार लोगों की मौत हुई। वहीं जबल अल-बतूम और कफ्र रुम्मान शहरों में हुए हमलों में पांच लोगों की जान गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश के कई अन्य हिस्सों में भी इजराइली एयर स्ट्राइक हुई हैं।

इस बीच ईरान समर्थित हिजबुल्लाह ने जवाबी कार्रवाई का दावा किया है। संगठन ने कहा कि उसके लड़ाकों ने अल-मलिकिया सैन्य ठिकाने पर मौजूद इजराइली सैनिकों को रॉकेटों से निशाना बनाया। हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल के किरयात शमोना शहर पर कामीकाजे ड्रोन हमले का भी दावा किया।

### जंग के अपडेट्स...

- ईरान में अब तक 6,668 सिविल इलाकों को निशाना बनाया गया है।
- इन हमलों में 5,535 घरों और 1041 दुकानें को नुकसान पहुंचा।
- 14 मेडिकल सेंटर्स और 65 स्कूलों पर भी हमला किया गया।
- यूएस-इजराइल और ईरान जंग में अब तक 1701 मौत हुई है।
- जंग में अब तक इजराइल के 1765 लोग घायल हुए हैं।

### लेबनान में इजराइली हमले में 15 की मौत

लेबनान में शनिवार रात हुए इजराइल के हवाई हमलों में 15 लोगों की मौत हुई है। इसके 15 लोग घायल हुए हैं। हमलों में राजधानी बेरूत के एक होटल को भी निशाना बनाया गया, जहां युद्ध के कारण विस्थापित लोग ठहरे हुए थे। लेबनान की नेशनल न्यूज एजेंसी के मुताबिक होटल पर हुए हमले में चार लोगों की मौत हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश के कई अन्य हिस्सों में भी इजराइली एयर स्ट्राइक हुई हैं।

# 7 दिन में लौटे 52000 भारतीय

## 32,107 को भारतीय एयरलाइंस लेकर आईं; अकेले इजराइल में रहते हैं 41 हजार इंडियन

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**विदेश** मंत्रालय ने शनिवार को पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर अपडेट देते हुए बताया कि 1 से 7 मार्च 2026 के बीच 52,000 से ज्यादा भारतीय सुरक्षित रूप से खाड़ी देशों से भारत लौटे। इसमें से 32,107 भारतीय एयरलाइंस के जरिए, बाकी लोग विदेशी कमर्शियल फ्लाइट्स और नॉन-शेड्यूल्ड फ्लाइट्स के जरिए वापस आए हैं।

मंत्रालय के अनुसार, खाड़ी देशों में बिगड़ते हालात के बीच वहां फंसे भारतीयों की सहायता के लिए एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया गया है, जो प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के सवालों का जवाब दे रहा है।

एमईए ने कहा कि क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को स्थानीय प्रशासन और भारतीय



दूतावास/वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी सलाहों का पालन करने की सलाह दी गई है। विभिन्न देशों में स्थित भारतीय मिशनों ने 24म7 हेल्पलाइन भी शुरू की हैं।

मंत्रालय के बयान के अनुसार, हाल के दिनों में क्षेत्रीय हवाई क्षेत्र आंशिक रूप से खुलने के बाद भारतीय और विदेशी एयरलाइंस कमर्शियल और स्पेशल फ्लाइट्स संचालित कर रही हैं। आने वाले दिनों में और उड़ानें संचालित करने की योजना है। एमईए ने कहा कि जहां अभी कमर्शियल फ्लाइट्स उपलब्ध नहीं हैं, वहां भारतीय नागरिकों को निकटतम भारतीय दूतावास या वाणिज्य दूतावास से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

यात्रियों को कहा गया है कि वे दूतावास की वेबसाइट पर लगातार अपडेट्स चेक करते रहें। बिना वजह इधर-उधर न घूमें और सुरक्षित स्थानों पर ही रुकें। सरकार हर भारतीय की लोकेशन ट्रैक करने की कोशिश कर रही है ताकि मदद जल्द पहुंच सके।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेशों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# रंग का गुब्बारा विवाद में मर्डर, आरोपी के घर बुलडोजर एक्शन : अब तक 8 अरेस्ट

## दिल्ली में होली पर युवक की हत्या हुई थी

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**दिल्ली** में नगर निगम प्रशासन ने रविवार को मर्डर के आरोपी निमामुद्दीन का घर का अतिक्रमण वाला हिस्सा बुलडोजर से ढहा दिया। यह एक्शन उत्तम नगर इलाके की जेजे कॉलोनी में आरोपी निजामुद्दीन के खिलाफ लिया गया। इस दौरान भारी पुलिस मौके पर तैनात रही।

दरअसल 4 मार्च को होली पर रंग का गुब्बारा फेंकने पर हुए विवाद में निमामुद्दीन समेत कई लोगों ने तरुण (26) नाम के युवक की हत्या की थी। पुलिस ने इस मामले में 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी को भी हिरासत में लिया गया है।

### बच्ची ने गुब्बारा फेंका, मुस्लिम महिला पर छीटें पड़े



दरअसल, 4 मार्च को होली वाले दिन उत्तम नगर की जेजे कॉलोनी में तरुण सिंह (26) के घर की 11 साल की बच्ची छत से नीचे रंग के गुब्बारे फेंक रही थी। उसने एक गुब्बारा अपने ताऊ पर फेंका। पानी के छींटे रास्ते से गुजर रही मुस्लिम महिला पर पड़े। तरुण के बड़े भाई अरुण के मुताबिक महिला इस पर नाराज हुई। उसका तरुण के परिवार से विवाद हुआ। तरुण के परिवार ने महिला से माफी मांगी, लेकिन महिला उन्हें अपशब्द कहती रही। इसके बाद महिला वहां से चली गई। अरुण ने बताया कि कुछ समय बाद महिला के परिवार के 20-25 लोग क्रिकेट बेट, डंडे और लोहे की रॉड लेकर आए। उन लोगों ने हमला कर दिया। इस समय तरुण दोस्तों के साथ होली खेलने गया था, लेकिन वह भी लौट आया।

आरोपियों के खिलाफ हत्या और एसटी एससी एक्ट में केस दर्ज किया गया है। घटना के बाद बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने 6 मार्च को उत्तम नगर ईस्ट मेट्रो स्टेशन के पास प्रदर्शन किया था। भीड़ ने निजामुद्दीन के घर के बाहर मौजूद वाहनों में आग लगाई थी।

# नीतीश के बेटे निशांत ने जेडीयू जॉइन की

## बोले- पापा पर भरोसा रखिए, उनके काम को आगे ले जाऊंगा; पार्टी कार्यकर्ताओं-ललन सिंह समर्थकों में हुई मारपीट

पटना, एजेंसी।



**बिहार** के मुख्यमंत्री के बेटे निशांत कुमार 8 मार्च यानी रविवार को जेडीयू की सदस्यता ली। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मौजूद नहीं रहे। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने निशांत को पार्टी की सदस्यता दिलाई। ललन सिंह ने उन्हें पार्टी का गमछा पहनाया। पार्टी की सदस्यता लेने के बाद निशांत ने ललन सिंह और संजय झा के पैर छुए। निशांत ने कहा, 'मैं पार्टी के लिए मेहनत से काम करूंगा। मेरे पिताजी ने 20 साल में जो काम किए हैं, मैं उन्हें आगे बढ़ाऊंगा। राज्यसभा जाने का फैसला मेरे पिताजी का है। बिहार की जनता और देश की जनता से अपील करता हूं कि पिताजी पर विश्वास बनाए रखें।'

इससे पहले निशांत में अपने पिता नीतीश की स्टाइल में हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन किया। वे सफेद कुर्ते और क्रॉक्स चप्पल में पहुंचे।

राष्ट्रपति विवाद : ये राष्ट्रपति का नहीं संविधान का अपमान; एक दिन अहंकार सब बर्बाद कर देता है

# मोदी बोले- ममता को जनता सबक सिखाएगी

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में देश और नारी शक्ति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान के लिए ञस्ष्ट को माफ नहीं करेगी, उन्हें जनता सबक सिखाएगी।

पीएम नई दिल्ली में एक जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल में जो हुआ वो राष्ट्रपति का नहीं संविधान का अपमान है। उन्होंने कहा कि अहंकार से भरा व्यक्ति, चाहे कितना भी ताकतवर क्यों न हो, आखिर में बर्बाद हो जाता है।



दरअसल, शनिवार को पश्चिम बंगाल में एक कार्यक्रम की जगह बदले जाने पर राष्ट्रपति ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा कि नॉर्थ बंगाल दौरे पर न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई मंत्री मुझे रिसीव करने आया। बीजेपी ने इसे प्रेसिडेंट का अपमान बताया था।

इससे पहले रविवार को दिल्ली में पीएम ने 33500 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन रीडेवलपमेंट प्लान के तहत 2,722 नए बने फ्लैट का उद्घाटन किया। इसके साथ दो नए मेट्रो कॉरिडोर का उद्घाटन और 3 कॉरिडोर का शिलान्यास किया।

**2 मेट्रो कॉरिडोर का उद्घाटन, 3 का शिलान्यास**

प्रधानमंत्री ने रविवार को दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया और तीन और मेट्रो लाइनों की नींव रखी, जिससे राष्ट्रीय राजधानी में कई ज़रूरी जगहों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। उन्होंने केंद्र सरकार के जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन रीडेवलपमेंट प्लान के तहत 15,200 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और नींव भी रखी। सभी प्रोजेक्ट्स की कुल लागत लगभग 33,500 करोड़ रुपये है।

### पीएम के भाषण की 3 बड़ी बातें...

- आप सरकार का तरीका काम कम और बहाने ज्यादा करने का था। पहले दिल्ली में कई प्रोजेक्ट फाइलों में ही अटके रहते थे, लेकिन अब प्रोजेक्ट जमीन पर उतर रहे हैं।
- अब सरकार मिशन मोड में दिल्ली की समस्याओं का समाधान कर रही है। सरकार यमुना नदी की सफाई के लिए भी बड़े स्तर पर काम कर रही है।
- राजनीति, प्रशासन, विज्ञान, खेल और समाज सेवा जैसे हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं।

राष्ट्रबाण
सिवनी, सोमवार 9 मार्च 2026

# बैतूल राष्ट्रबाण

● मुलताई ● बैतूल बाजार ● आमला ● भैंसादंड ● सारणी ● बोरदई ● आठनेर

# 390 घनमीटर मुरूम उत्खनन प्रकरण में राजस्व अदालत का आदेश कानून के विरुद्ध : भारत सेन

## संभाग आयुक्त के फैसले को वरिष्ठ अधिवक्ता भारत सेन ने बताया अवैध, हाईकोर्ट में चुनौती की तैयारी

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in



नर्मदापुरम संभाग आयुक्त होशंगाबाद की राजस्व अदालत द्वारा पारित एक आदेश कानून और न्याय के जानकारों के बीच बहस का विषय बन गया है। यह मामला खान एवं खनिज अधिनियम 1957 की धारा 21 तथा मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 से जुड़ा है। खनिज विभाग बैतूल की अपील पर 2 मार्च 2026 को पारित आदेश को जिला न्यायालय बैतूल में खनिज कानून के विशेषज्ञ वरिष्ठ अधिवक्ता भारत सेन ने अवैध बताते हुए इस पर गंभीर कानूनी और मानवाधिकार संबंधी सवाल उठाए हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता भारत सेन ने बताया कि यह मामला सोनाघाटी क्षेत्र के खसरा क्रमांक 105/5 में 390 घनमीटर मुरूम के कथित अवैध उत्खनन और परिवहन से जुड़ा है। इस प्रकरण में राजस्व न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल ने राजस्व प्रकरण क्रमांक 0065/अ-67/2024-25 में खनिज विभाग बैतूल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन को निरस्त कर दिया था, क्योंकि विभाग खनिज अपराध को प्रमाणित नहीं कर सका था। इसके बाद खनिज विभाग ने इस आदेश के विरुद्ध नर्मदापुरम संभाग आयुक्त की अदालत में अपील की थी। भारत सेन ने कहा कि वे पिछले लगभग 15 वर्षों से बैतूल जिला न्यायालय में खनिज विभाग के मामलों की पैरवी कर रहे हैं, लेकिन यह आदेश मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के मूल प्रावधानों और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का सीधा उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि अपील प्राधिकारी को केवल आदेश की पुष्टि, संशोधन या निरस्तीकरण का अधिकार होता है, लेकिन आयुक्त ने अपर कलेक्टर को नई जांच कराने का निर्देश दे दिया, जबकि नियमों में अपील स्तर पर दोबारा जांच का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तरवादी पक्ष ने भूमि के अवैध अंतरण, जांच के दौरान वीडियोग्राफी नहीं होने, पंचनामा पर साक्षियों के इंकार, किसी मशीन या वाहन की जब्ती नहीं होने और शिकायतकर्ता के हस्ताक्षर से मुकरने जैसे कई महत्वपूर्ण आधार प्रस्तुत किए थे, लेकिन आयुक्त ने इन बिंदुओं पर कोई स्पष्ट टिप्पणी नहीं की। उनके अनुसार यह कारणयुक्त आदेश के सिद्धांत का उल्लंघन है। अधिवक्ता भारत सेन ने यह भी कहा कि संबंधित भूमि निजी है और गौण खनिज मुरूम के उत्खनन के लिए निजी भूमि में अलग पट्टे की आवश्यकता नहीं होती, फिर भी आदेश में बिना अनुमति उत्खनन की पूर्वधारणा बना ली गई। उन्होंने आदेश में आंशिक रूप से स्वीकार शब्दावली के उपयोग को भी कानूनी रूप से असंगत बताया। उन्होंने कहा कि अपर कलेक्टर ने साक्ष्यों के आधार पर संदेह से परे का मानक अपनाते हुए शास्ति प्रस्ताव खारिज किया था, लेकिन आयुक्त ने उसे विधिक भूल बताते हुए निरस्त कर दिया और कोई स्पष्ट मानक भी निर्धारित नहीं किया। साथ ही अपील की ग्राह्यता, 60 दिन की समय-सीमा और 1000 रुपये फीस जैसे मुद्दों पर भी पर्याप्त चर्चा नहीं की गई। भारत सेन ने कहा कि इस तरह के आदेश निर्दोष नागरिकों को अनावश्यक मुकदमेबाजी में उलझा सकते हैं। उन्होंने प्रभावित पक्षकारों को सलाह दी है कि वे इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर करें।

# बैतूल में सहायक प्राध्यापक परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए हुआ मॉक इंटरव्यू

## सार्थक पहल बदलाव हमसे है संस्थान में 6 प्रतिभागियों ने दिया साक्षात्कार

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in




सहायक प्राध्यापक परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन के लिए बैतूल स्थित सार्थक पहल- बदलाव हमसे है निशुल्क संस्थान में मॉक इंटरव्यू का आयोजन किया गया। संस्थान पिछले 6 वर्षों से मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार की निशुल्क तैयारी करवा रहा है।

मॉक इंटरव्यू में इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र और जूलॉजी विषयों के अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए गए, जिसमें कुल 6 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपना मॉक इंटरव्यू दिया। इंटरव्यू बोर्ड में प्रोफेसर शंकर सतनकर, डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. रजनी मर्सकोले और डॉ. भोजराज झरबडे बोर्ड मेंबर के रूप में उपस्थित रहे। बोर्ड सदस्यों ने अभ्यर्थियों से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछकर उन्हें वास्तविक साक्षात्कार प्रक्रिया का अनुभव कराया और आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया।

संस्थान की सहसंयोजक श्रीमती सरोज सातनकर ने बताया कि सार्थक पहल बदलाव हमसे है संस्थान में प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 9-30 बजे तक मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की ऑनलाइन और ऑफलाइन कक्षाएं संचालित होती हैं। यहां छात्र नियमित रूप से बैठकर अध्ययन कर सकते हैं। संस्थान में स्मार्ट क्लास, निशुल्क वाई-फाई जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं और विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार की फीस नहीं ली जाती है।

सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया कि वे पिछले 6 वर्षों से इस संस्थान से जुड़े हुए हैं और यहां से पढ़कर कई विद्यार्थी विभिन्न पदों पर चयनित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मॉक इंटरव्यू अभ्यर्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रभावी माध्यम हैं और बैतूल में भोपाल तथा इंदौर जैसे बड़े शहरों में मिलने वाली सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

डॉ. रजनी मर्सकोले ने बताया कि वे पिछले 4 वर्षों से इस संस्थान से जुड़ी हुई हैं और वर्तमान में उनका चयन लाइब्रेरियन पद पर हुआ है। मॉक इंटरव्यू में बसंत पाटिल बालाघाट, डॉ. अजय चौबे घोड़ाडोंगरी, प्रकाश परते, योगेश धुर्वे, कलावती हारोड़े और निलेश पाटील बैतूल ने भाग लेकर साक्षात्कार दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य अभ्यर्थियों को वास्तविक साक्षात्कार की तैयारी कराना और उनका आत्मविश्वास बढ़ाना रहा। संस्थान द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आठनेर सीएचसी में महिला स्वास्थ्य कर्मियों का किया सम्मान



बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आठनेर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों के सम्मान में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल में सेवाएं दे रही महिला स्टाफ नर्स और महिला स्वास्थ्य कर्मियों का सम्मान कर उनके समर्पण, सेवा भावना और समाज के प्रति उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा गया।

कार्यक्रम में ब्लाक मेडिकल अधिकारी डॉ सचिन आहतकर सहित पल्लवी डोंगरे, वछला कनाठे, बंडू चढोकार, अक्षय डोंगरे, मुन्ना आवठे, गोपाल डोंगरे, रूपेश डोंगरे, हेमंत राठौड़ सहित अस्पताल का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर बीएमओ ने महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत नींव में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महिला स्वास्थ्य कर्मचारी केवल अस्पताल तक सीमित नहीं रहतीं, वे गांव-गांव तक जाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करती हैं और मरीजों की सेवा में दिन-रात समर्पित रहती हैं। कठिन परिस्थितियों में भी उनका धैर्य, संवेदनशीलता और सेवा भावना समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति समाज की आधारशिला है और स्वास्थ्य सेवाओं में उनकी भागीदारी व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाती है। इस अवसर पर महिला स्टाफ नर्सों और महिला स्वास्थ्य कर्मियों का सम्मान कर उन्हें महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गईं।

# न्यूजीलैंड से फाइनल मुकाबले से पहले महाकाल का भव्य श्रृंगार

## हमलापुर में भांग, काजू-बादाम से सजा बाबा महाकाल का दरबार

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in



क्रिकेट का जुनून जब आस्था से जुड़ जाता है तो माहौल और भी खास बन जाता है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आज रविवार होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की जीत के लिए बैतूल के क्रिकेट प्रेमियों और प्रशंसकों ने बाबा महाकाल जी महाराज के दरबार में विशेष प्रार्थना की। भारत और न्यूजीलैंड के फाइनल मुकाबले से पहले बैतूल के हमलापुर स्थित न्यायाधीश कॉलोनी में बाबा महाकाल जी महाराज का विशेष श्रृंगार भांग, काजू और बादाम से किया गया। पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ भगवान महाकाल को सजाया गया और प्रार्थना की गई कि भारतीय टीम फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करे। बाबा महाकाल जी महाराज का आकर्षक और भव्य श्रृंगार प्रसिद्ध मूर्तिकार सुनील प्रजापति द्वारा किया गया। उन्होंने बड़ी श्रद्धा और कलात्मकता के साथ बाबा महाकाल का श्रृंगार किया, जिसे देखने के लिए स्थानीय लोग भी पहुंचे और सभी ने मिलकर भारतीय टीम की जीत के लिए प्रार्थना की।

# ग्राम भारती महिला मंडल में केंद्रीय कोयला मंत्री के सलाहकारों का आगमन, संस्था के कार्यों की सराहना

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in




शोभापुर कॉलोनी पाथाखेड़ा स्थित ग्राम भारती महिला मंडल में आज दिनांक 7 मार्च 2026 को एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय कोयला मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी के सोशल मीडिया सलाहकार ओमवेश उपाध्याय एवं प्रशांत कुमार की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर श्री आशीष तयाल सीनियर मैनेजर (पीआर) डब्ल्यूसीएल श्री सतीश गवाले जनरल मैनेजर (क्क्र) श्री मोहनीश सत्रावाला एनवायरमेंट मैनेजर ड्ब्ष्टरु पाथाखेड़ा भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने संस्था द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का अवलोकन किया और कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित आचार निर्माण इकाई, सेनेटरी पैड निर्माण, हस्तशिल्प सामग्री निर्माण तथा परिवार परामर्श केंद्र जैसी गतिविधियों को देखा और इन प्रयासों को महिला सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय बताया। इस दौरान संस्था अध्यक्ष श्रीमती भारती अग्रवाल से संवाद एवं साक्षात्कार के माध्यम से संस्था के कार्यों की विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की। श्रीमती भारती अग्रवाल ने बताया कि ग्राम भारती महिला मंडल, शोभापुर कॉलोनी पाथाखेड़ा, जिला बैतूल (म.प्र.) में मध्यप्रदेश संस्था पंजीयन अधिनियम 1973 की धारा 44 के अंतर्गत पंजीकृत एक अशासकीय एवं पूर्णतः महिला संगठन है। संस्था वर्ष 1985 से निरंतर सामाजिक उत्थान, महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के आर्थिक सुदृढ़ीकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, दिव्यांगजन कल्याण तथा बाल कल्याण के क्षेत्र में कार्य कर रही है। संस्था विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं जनजातीय समुदाय के हितग्राहियों के विकास हेतु कार्यरत है। वर्तमान में संस्था मध्यप्रदेश के बैतूल, खंडवा, खरगौन, भोपाल, इंदौर, शिवपुरी, उज्जैन, दमोह, सागर, टीकमगढ़, निवाड़ी एवं पन्ना जिलों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के कोरबा और कवर्धा जिलों में भी विभिन्न परियोजनाओं का संचालन कर रही है। संस्था को वर्ष 1985 से लगातार 15 वर्षों तक ड्ब्ष्टरु पाथाखेड़ा द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। वर्तमान में भी ड्ब्ष्टरु पाथाखेड़ा के सहयोग से समय-समय पर ष्टस्क्र गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान संस्था अध्यक्ष श्रीमती भारती अग्रवाल ने माननीय प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय कोयला मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कोल नगरी पाथाखेड़ा को ÷मिनी बॉम्बे÷ के रूप में विकसित होने की संभावनाओं का उल्लेख किया। अंत में सभी सम्माननीय अतिथियों का श्रीफल एवं पुष्प-गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया।

# ताप्ती नदी संरक्षण के संवाहक रामकिशोर दयाराम पवार को मिला मानद डॉक्टरेट सम्मान




बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

सूर्यपुत्री ताप्ती नदी के संरक्षण और स्वच्छ, निर्मल ताप्ती के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने वाले जिले के वरिष्ठ पत्रकार रामकिशोर दयाराम पवार को भारत सरकार के अंतर्गत पंजीकृत एवं कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा अनुमोदित संस्था ज्ञानदान ऑनरेरी डॉक्टरेट अवार्ड फाउंडेशन, दिल्ली द्वारा मानद डॉक्टरेट सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह 8 मार्च 2026 को राजा भोज की नगरी एवं मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल पॉलिटेक्निक कॉलेज के सभागृह में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी, विशिष्ट अतिथि के रूप में इंजीनियर इन चीफ आनंद सिंह, डॉ. विकास दुबे, डॉ. सुनील पांडेय तथा डॉ. महेश प्रसाद मिश्रा (प्रोग्राम सेक्रेटरी, मध्यप्रदेश) उपस्थित थे। संस्था के अनुसार रामकिशोर दयाराम पवार लंबे समय से सूर्यपुत्री ताप्ती नदी के संरक्षण, उसके महत्व को उजागर करने तथा स्वच्छ और निर्मल ताप्ती के लिए जनजागरण अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके प्रयासों से क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी है और ताप्ती नदी के प्रति लोगों में संवेदनशीलता विकसित हुई है।

# आयुष विभाग में होली मिलन समारोह आयोजित

## अधिकारियों और कर्मचारियों ने गुलाल लगाकर दीं शुभकामनाएं




बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

होली के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा आयुष कार्यालय बैतूल में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयुष विभाग के अधिकारी, चिकित्सक और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया।

इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन कर्मचारियों के बीच समन्वय और सौहार्द बढ़ाने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान आयुर्वेद और आयुष पद्धतियों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर भी चर्चा की गई। समारोह का समापन सामूहिक शुभकामनाओं और मिठाई वितरण के साथ हुआ।

बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

# पोपटी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in




ग्राम पंचायत चोहटा पोपटी अंतर्गत ग्राम पोपटी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था जन आस्था सेवा समिति घोघरा एवं एकता ग्रामीण जन सहयोग संस्था द्वारा क्षेत्र की महिलाओं की सामाजिक भागीदारी और उनके योगदान को रेखांकित करते हुए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को सशक्तिकरण, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों पर जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से ही समाज का समग्र विकास संभव है। इसी उद्देश्य से कार्यक्रम में महिलाओं को जागरूक करने के लिए जनजागरूकता अभियान भी चलाया गया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बढ़ाया उत्साह**

कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के माध्यम से महिला सम्मान और सामाजिक जागरूकता का संदेश गांव के लोगों तक पहुंचाया गया।

राष्ट्रबाण
सिवनी, सोमवार 9 मार्च 2026

# बालाघाट राष्ट्रबाण



### जिम्मेदार शासकीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा खुलेआम किया जा रहा हैं बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ ! बीमार एवं बुजुर्गों की भी बड़ी परेशानी !

# जब जिम्मेदार ही हो जाए लापरवाह, तो आम जनता किस न्याय की गुहार लगाए ?

### अधिवक्ता संघ केवलारी ने जिला कलेक्टर सिवनी को सौंपा ज्ञापन, अंतर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट रोकने की किया मांग ।

राष्ट्रबाण केवलारी | संवाददाता rashtrabaan.in

एक ओर जहां इन दिनों बोर्ड परीक्षाएँ चल रही हैं और विद्यार्थी देर रात तक पढ़ाई में जुटे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर स्थानीय क्षेत्र में शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा रात्रि के समय लाउडस्पीकर लगाकर क्रिकेट मैच का आयोजन करवाए जाने से विद्यार्थियों और अभिभावकों में नाराज़गी देखी जा रही है। तेज आवाज में लाउडस्पीकर और मैच के दौरान होने वाले शोर-शराबे, फाटकों की आवाज़ के कारण आसपास रहने वाले छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।, बीमार एवं बुजुर्गों के स्वास्थ पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि परीक्षा के इस महत्वपूर्ण समय में देर रात तक इस प्रकार के आयोजन करना उचित नहीं है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए शांत वातावरण की आवश्यकता होती है, लेकिन रात में होने वाले शोर के कारण उनकी एकाग्रता भंग हो रही है ,आपको बता दें कि केवलारी स्थित सांदीपनी विद्यालय के खेल मैदान में दिनांक 07 मार्च 2026 से प्रारंभ हुए रात्रीकालीन अंतर



विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट जिसमें राजस्व, पुलिस, शिक्षा, विद्युत, स्वास्थ्य, नगर परिषद, जनपद पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग के अलावा एक सम्मिलित विभाग की एक जनरल टीम को लेकर एक क्रिकेट टूर्नामेंट का प्रारंभ हुआ है जो कि, सभी विभागों के विभाग प्रमुखों के साथ-साथ विशेष रूप से एसडीएम केवलारी, एसडीओपी केवलारी के निर्देशन में हो रहा है । उसी को लेकर अधिवक्ता संघ केवलारी ने सिवनी जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है एवं आयोजन को बंद करवाने का आग्रह किया है।

#### शासकीय अधिकारी - कर्मचारी अपने दायित्वों का नहीं कर रहे निर्वहन

अधिवक्ता संघ ने आरोप लगाया कि उक्त क्रिकेट के आयोजन में विभागों के अधिकारी/कर्मचारी सुबह 6 बजे लेकर शाम 06 बजे तक उक्त मैदान में ही अभ्यास करते हैं जबकि सुबह 07 बजे बोर्ड परीक्षाओं का संचालन प्रारंभ हो जाता है। उक्त टूर्नामेंट में संभावित टीमों के अधिकारी कर्मचारी अपने विभागीय पद एवं दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहे है। सिर्फ उक्त टूर्नामेंट के आयोजन के अभ्यास में ही जुटे रहते हैं, जिससे अन्य शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं तथा विगत दो माह से इन अधिकारियों के द्वारा कार्यालयलीन समय पर बैठक का आयोजन कर क्रिकेट मैच की रूप रेखा तैयार की जाती है, इससे राजस्व एवं अन्य विभागों में अपने कार्यों को लेकर आये पक्षकारों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

#### • आवागमन हो रहा बाधित ।

क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन जिस मैदान पर किया जा रहा है वहाँ से दो–तीन स्कूलों तथा न्यायालय तहसील कार्यालय, सहकारी समिति एवं अन्य कार्यालय के लिए एक ही रास्ता है इस कारण इस आयोजन के दौरान उक्त रास्ते के आजू–बाजू अनियमित रूप से वाहन खड़े करने के कारण उक्त रास्ता बाधित होता है जिससे भी आम जन मानस को असुविधा का सामना करना पड़ता है ।

#### • बड़ी घटना को दिया जा रहा है, आमंत्रण

अधिवक्ता संघ केवलारी का कहना है कि जिस मैदान में यह रात्रीकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, उक्त मैदान से रेल्वे ट्रैक लगा हुआ है जिस पर बैठकर अधिकत्तर दर्शक मैदान में होने वाले इस प्रकार के आयोजनों को देखते है। उक्त रेल्वे ट्रैक से नैनपुर से छिंदवाड़ा की ओर सवारी गाडी एवं मालगाडी का नियमित रूप से आवागमन होता रात्री में उक्त रेल्वे ट्रैक में कभी–भी गंभीर हादसा हो सकता है, जिससे बड़े जान माल की हानि संभावित है ।

#### • शासकीय मिनी स्टेडियम में कराया जा सकता है आयोजन

मध्यप्रदेश शासन द्वारा शासकीय महाविद्यालय केवलारी एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान केवलारी के समीप करोडों की लागत से मिनी स्टेडियम का निर्माण पूर्व कराया गया है तथा वर्तमान में यह शासकीय विभागों का ही किकेट का आयोजन है ऐसे में इस किकेट के आयोजन को उक्त शासकीय मिनी स्टेडियम में कराया जाए तो अन्य लोगों को भी उक्त मिनी स्टेडियम में भविष्य में प्रतियोगिता वगैरह कराये जाने का प्रोत्साहन मिलेगा तथा छात्र–छात्राओं को भी वर्तमान में परीक्षा के दौरान इस आयोजन से कोई व्यवधान नहीं होगा।

#### जिम्मेदार ही उड़ा रहे नियमों की धज्जियां

अधिवक्ता संघ केवलारी ने अपने ज्ञापन पर उल्लेख किया है कि लोक शिक्षण संचनालय मध्यप्रदेश गौतम नगर, भोपाल द्वारा इस संबंध में शैक्षणिक विद्यालय के खेल मैदान के गैर शैक्षणिक प्रयोजन हेतु उपयोग के संबंध में दिनांक 17/02/2014 को आदेश जारी किए गए है, जिसमें स्पष्ट उल्लेख है कि शैक्षणिक सत्र के दौरान किन्हीं भी परिस्थितियों में शासकीय विद्यालय के प्रांगणों में विवाह अथवा अन्य समारोह के आयोजन आदि की अनुमति न दिए जाने के आदेश प्रसारित किए गए हैं। इस आदेश के अनुसार सभी विद्यालयों के मैदानों का सिर्फ छात्र–छात्राओं को ही खेलकूद के आयोजनों के लिए उपयोग होने के संबंध में प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है ।

#### लिपिक संतोष पाठक के स्थानांतरण की हुई मांग

केवलारी अधिवक्ता संघ ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी के अंतर्गत वर्तमान में संतोष पाठक नाम का एक लिपिक कार्यरत है, जो कि अपने कार्यालयीन समय में कार्यालय में उपस्थित न होकर दिन–रात इस आयोजन की तैयारियों में लगा हुआ है, चूँकि उक्त लिपिक स्थानीय निवासी है इस कारण उसे अपने वरिष्ठ अधिकारियों का भी डर नहीं है, इसी के द्वारा ही इस किकेट प्रतियोगिता के संबंध में इस समय छात्रों की वार्षिक परीक्षा के दौरान संपूर्ण आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है तथा यह कहता है कि हमारे इस आयोजन में कलेक्टर मेडम भी उपस्थित रहेंगी, मेरी उनसे बात हो गई है इस कारण ऐसे कर्मचारियों को तत्काल केवलारी से अन्यत्र स्थानांतरित किया जाना न्यायाहित में होगा।

# 'ऑडियो वायरल कांड' ने पकड़ा तूल, पंवार समाज ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

### आरोपी की गिरफ्तारी और सुरक्षा की मांग

**बालाघाट जिले में सोशल मीडिया पर वायरल कथित ऑडियो को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। भारतीय किसान कांग्रेस लालबर्रा ब्लॉक अध्यक्ष मुनेंद्र ठाकरे के समर्थन में पंवार समाज ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरोपी अब्बू तालिक शाह के खिलाफ मामला दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।**

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in



मुनेन्द्र ठाकरे, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष लालबर्रा।



शब्दबाणों का प्रहार
राष्ट्रबाण

कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे के करीबियों का सोशल मीडिया पर ऑडियो हो रहा वायरल

'आरटीआई' वापस लेने का दबाव

राजनीति गर्मी तेज... गुटबाजी

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

बालाघाट- लालबर्रा विधानसभा की कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे के करीबियों का 'ऑडियो कांड' थमने का नाम नहीं ले रहा। एक माह पूर्व विधायक अनुभा मुंजारे के निजी पीए का सरपंच से सड़क निर्माण कार्य को लेकर ऑडियो वायरल हुआ था। जिसका मामला अभी ठंडा हुआ नहीं कि, दूसरा मामला विधायक के करीबियों का ही सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। जिसमें एक व्यक्ति विधायक का करीबी ठेकेदार अबू एवं दूसरा व्यक्ति पार्टी का ही किसान कांग्रेस लालबर्रा ब्लॉक अध्यक्ष मुनेंद्र ठाकरे के बीच निर्माण कार्यों को लेकर चर्चा हो रही है।

गुणवत्ता को लेकर किसान कांग्रेस लालबर्रा ब्लॉक अध्यक्ष

अनुभा मुंजारे, विधायक बालाघाट : क्या भ्रष्ट ठेकेदारों को संरक्षण ?

अब्बू तारिक, विधायक का करीबी ठेकेदार : अनुभा के संरक्षण में दिखा रहा गुंडाई।

मुनेंद्र ठाकरे, ब्लॉक अध्यक्ष किसान कांग्रेस लालबर्रा : घटिया काम की जानकारी मांगी, मिली धमकी।

दोनों पक्षों से शिकायत होने की आ रही जानकारी

विधायक के करीबी ठेकेदार अब्बू

ब्लॉक अध्यक्ष लालबर्रा मुनेंद्र ठाकरे

मे विधायक के करीबी ठेकेदार अब्बू तारिक के खिलाफ गाली–गलौज धमकाने व चीरने फाड़ने की धमकी देने के संबंध में शिकायत की है।

राष्ट्रबाण में प्रकाशित खबर।



अब्बू तारिक शाह, विधायक का करीबी कथित ठेकेदार।

बालाघाट में इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल एक कथित ऑडियो को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में हलचल मच गई है। इस मामले में भारतीय किसान कांग्रेस के लालबर्रा ब्लॉक अध्यक्ष मुनेंद्र ठाकरे के समर्थन में पंवार समाज के लोगों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी अब्बू तालिक शाह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

6 मार्च को सौंपे गए इस ज्ञापन में पंवार समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि मुनेंद्र ठाकरे वर्तमान में भारतीय किसान कांग्रेस के लालबर्रा ब्लॉक अध्यक्ष हैं और कांग्रेस पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि हाल ही में जब मुनेंद्र ठाकरे लालबर्रा स्थित विश्रामगृह पहुंचे, तो वहां भवन के जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा था, लेकिन काम की गुणवत्ता बेहद खराब और स्तरहीन दिखाई दे रही थी। बताया गया कि निर्माण स्थल पर किसी भी प्रकार की योजना, ठेकेदार या कार्य से संबंधित जानकारी देने वाला बोर्ड या तख्ती भी नहीं लगा था। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते मुनेंद्र ठाकरे ने वहां मौजूद लोगों से यह जानने का प्रयास किया कि यह कार्य किस योजना के तहत और किसके द्वारा कराया जा रहा है, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जानकारी नहीं मिली।

इसके बाद मुनेंद्र ठाकरे ने मामले की जानकारी और पारदर्शिता के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर कॉल कर लालबर्रा विश्रामगृह में चल रहे जीर्णोद्धार कार्य की पूरी जानकारी मांगी। आरोप है कि इसके कुछ समय बाद उन्हें एक फोन कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को इस काम से जुड़ा बताते हुए उनके साथ अभद्र भाषा में बातचीत की और अश्लील गालियां दीं।

शिकायत में कहा गया है कि फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को अब्बू तालिक शाह बताया और मुनेंद्र ठाकरे को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। आरोप है कि फोन पर कहा गया कि ÷तेरे बाप का ठेका है क्या, तुझे बताता हूं। तेरे गांव सेलवा में घुसना बंद कर दूंगा और बालाघाट आने पर गुंडों से जानलेवा हमला करवा दूंगा।÷

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी ने बातचीत के दौरान यह भी कहा कि वह विधायक अनुभा मुंजारे के कहने पर काम कर रहा है और उसे अपने काम के लिए किसी को जवाब देने की जरूरत नहीं है। कथित तौर पर आरोपी ने यह भी कहा कि यदि दोबारा शिकायत या सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगने की कोशिश की गई, तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

मुनेंद्र ठाकरे के अनुसार यह पूरी बातचीत लगभग 80 सेकंड की दो ऑडियो रिकॉर्डिंग में दर्ज है, जिसे उन्होंने साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत करने की बात कही है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर पहले ही थाना लालबर्रा में आवेदन दिया गया था, लेकिन अभी तक आरोपी के खिलाफ न तो कोई मामला दर्ज हुआ और न ही उसकी गिरफ्तारी की गई।

इसी को लेकर पंवार समाज के लोगों में नाराजगी है। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि यदि किसी जनप्रतिनिधि या सामाजिक कार्यकर्ता को सिर्फ जानकारी मांगने पर इस तरह धमकियां दी जाएंगी, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक स्थिति है।

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी खुद को विधायक का करीबी बताकर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है और कह रहा है कि ÷मैं विधायक का लाड़ला हूं, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।÷ इससे मुनेंद्र ठाकरे और उनका परिवार भयभीत और असुरक्षित महसूस कर रहा है।

पंवार समाज ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया जाए। साथ ही मुनेंद्र ठाकरे और उनके परिवार को सुरक्षा भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन, विधानसभा अध्यक्ष तथा लोक निर्माण विभाग मंत्री को भी भेजी गई है, ताकि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो सके। पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपने के दौरान मुनेंद्र ठाकरे सहित पंवार समाज के दर्जनों लोग मौजूद रहे। समाज के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आगे भी आंदोलन का रास्ता अपना सकते हैं।

# क्या खाकी का खौफ खत्म ?

### कटंगी में गुंडों का आतंक : डॉक्टर की पकड़ी कॉलर, महिला स्टाफ से बदतमीजी और अस्पताल फूंकने की धमकी!

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in





क्या बालाघाट जिले के कटंगी समीप तिरोड़ी क्षेत्र में अब कानून का राज खत्म हो चुका है? क्या सरकारी कर्मचारी अब गुंडों के रहमों-करम पर नौकरी करेंगे? तिरोड़ी के सरकारी अस्पताल में जो शर्मनाक मंजर देखने को मिला, उसने पूरे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा दिया है। शराब के नशे में धुत चंद बदमाशों ने न केवल एक डॉक्टर की मर्यादा तार-तार की, बल्कि पूरे अस्पताल को राख करने की धमकी तक दे डाली।

घटना 5 मार्च की शाम की है, जब तिरोड़ी अस्पताल में डॉक्टर बनवारी लाल मीणा और महिला कर्मचारी रामेश्वरी मासुलकर अपनी ड्यूटी कर रहे थे। तभी शराब के नशे में चूर कुणाल निखारे, गौरव नेवारे, रोहित सहारे और आशीष निखारे अपने कुछ साथियों के साथ अस्पताल में यमराज बनकर घुसे। इन बदमाशों ने मर्यादा की सारी हदें पार करते हुए महिला कर्मचारी से अभद्रता की और बीच-बचाव करने आए डॉक्टर मीणा की कॉलर पकड़कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। अस्पताल को आग लगा देंगे! यह दहाड़ उन गुंडों की थी जिन्हें न तो वर्दी का डर है और न ही कानून का। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैद हो गई है, जो क्षेत्र में बढ़ती गुंडागर्दी का जीवंत प्रमाण है।

#### 10 दिन के भीतर 2 कांड : सरकारी सिस्टम पर प्रहार

तिरोड़ी क्षेत्र में सरकारी कर्मचारियों को निशाना बनाना अब जैसे शौक बनता जा रहा है। जिसमें पहली घटना दस दिन पहले बीसापुर में वनरक्षक अतुल कंगाली को भीड़ ने अपना निशाना बनाया और बेरहमी से पीटा। वही दूसरी घटना अब तिरोड़ी अस्पताल के डॉक्टर के साथ यह दुर्व्यवहार। लगातार हो रही इन वारदातों से स्वास्थ्य विभाग और अन्य सरकारी विभागों के कर्मचारियों में भारी आक्रोश और दहशत है। कर्मचारियों का साफ कहना है कि अगर हम सुरक्षित नहीं, तो सेवा कैसे देंगे?

#### तिरोड़ी की किस्मत पर गुंडों की नजर!

बड़ी मशक्कत और आंदोलनों के बाद तिरोड़ी को डॉक्टर नसीब हुए थे। सालों तक नेताओं ने पैर घिसे तब जाकर डॉक्टर मीणा की पदस्थापना हुई। लेकिन इन सफेदपोश गुंडों की हरकतों के कारण अब डॉक्टर मीणा भी वहां काम नहीं करना चाहते। अगर डॉक्टर ने तिरोड़ी छोड़ दिया, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? क्या मुट्ठी भर बदमाश पूरे शहर के स्वास्थ्य को दांव पर लगा देंगे?

#### क्या भगोड़े गुंडों का पुलिस निकालेगी इनका जुलूस?

फिलहाल चारों मुख्य आरोपी कुणाल, गौरव, रोहित और आशीष पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। बालाघाट के जांबाज एसपी आदित्य मिश्रा अपनी सख्त कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने शहर में गुंडों का जुलूस निकालकर जनता को भरोसा दिलाया था। अब तिरोड़ी की जनता और डरे हुए सरकारी कर्मचारी पूछ रहे हैं कि क्या इन भगोड़े गुंडों को पुलिस पाताल से ढूँढ निकालेगी? क्या इनके गले में तख्ती लटकाकर तिरोड़ी की सड़कों पर परेड होगी? क्या ये बदमाश भी चिल्लाएंगे गुंडागर्दी पाप है, पुलिस हमारी बाप है? तिरोड़ी पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया है, लेकिन असली इंसाफ तब होगा जब ये गुंडे सलाखों के पीछे होंगे और सरकारी कर्मचारी निर्भय होकर काम कर पाएंगे।

# निष्क्रियता के आरोपों पर निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अनिल ब्रम्हे ने दी सफाई

### तीन वर्षों के कार्यों का किया विस्तृत उल्लेख

राष्ट्रबाण लालबर्रा | संवाददाता rashtrabaan.in




अखिल भारतीय गढ़वाल समाज देशभर में विभिन्न मंडलों के माध्यम से सामाजिक गतिविधियों का संचालन करता है। इसी कड़ी में पांढ़रवानी (लालबर्रा) मंडल भी समाज की महत्वपूर्ण इकाइयों में से एक है। लगभग तीन वर्ष पूर्व इस मंडल में अध्यक्ष पद के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनाव सम्पन्न कराया गया था। इस चुनाव में एक महिला उम्मीदवार सहित कुल चार प्रत्याशी मैदान में थे। कड़े मुकाबले के बीच छोटी पनबिहरी निवासी अनिल ब्रम्हे ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए जीत हासिल की और युवा अध्यक्ष के रूप में मंडल का नेतृत्व संभाला। अनिल ब्रम्हे का तीन वर्ष का कार्यकाल 7 जनवरी 2026 में पूर्ण हो गया। कार्यकाल समाप्त होने के बाद समाज के कुछ लोगों के द्वारा उनके कार्यकाल को निष्क्रिय बताते हुए यह टिप्पणी की जा रही थी कि इस तीन वर्ष कि अवधि में समाज के विकास के लिए कोई विशेष कार्य नहीं किए गए। इन आरोपों और चर्चाओं के बीच निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अनिल ब्रम्हे ने विज्ञप्ति जारी कर अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों और पहलों की जानकारी सार्वजनिक की है। श्री ब्रम्हें ने बताया कि अपने कार्यकाल की शुरुआत से ही उनका प्रयास समाज को संगठित करने और मंडल स्तर पर व्यवस्थित संचालन की व्यवस्था बनाने का रहा। इसी उद्देश्य से 27 जनवरी 2023 को औल्याकंन्हार में मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई,जिसमें ग्राम स्तर पर समितियों के गठन का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि मंडल के सुचारू संचालन के लिए प्रत्येक परिवार से मात्र 10 रुपये प्रतिमाह सहयोग राशि एकत्र की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य समाज के लोगों की सहभागिता बढ़ाना और सामूहिक सहयोग की भावना को मजबूत करना था। तथा समाज (मंडल)में संगठन करना था,इसके साथ ही मंडल क्षेत्र के प्रत्येक गांव में ग्राम समितियों का गठन करने का प्रयास किया गया,ताकि समाज से जुड़े छोटे-बड़े मुद्दों का समाधान स्थानीय स्तर पर ही किया जा सके। उन्होंने बताया कि मंडल क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को लेकर भी पहल की गई। 24 फरवरी 2023 को गढ़वाल मंगल भवन (बड़ी पनबिहरी)में कई सालों से खराब पड़े हैंडपंप का सुधार कार्य कराया गया,जिससे स्थानीय लोगों को पेयजल की सुविधा पुनः उपलब्ध हो सकी। इसके अलावा युवाओं और विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लाइब्रेरी की शुरुआत की गई तथा आवश्यक व्यवस्था के लिए अस्थायी बिजली कनेक्शन भी उपलब्ध कराया गया। अनिल ब्रम्हे ने अपने कार्यकाल में सामाजिक समन्वय को भी प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने बताया कि समय-समय पर मंडल की बैठकों का आयोजन कर सामाजिक और पारिवारिक विवादों सहित अन्य समस्याओं का समाधान आपसी समझ और सहमति से कराने का प्रयास किया गया। इससे समाज के भीतर आपसी संवाद और एकजुटता को बढ़ावा मिला। उन्होंने यह भी बताया कि महासभा की ओर से लालबर्रा स्थित मंगल भवन के कर्ज भुगतान में सहयोग के लिए 20 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त कराया गया,जो कि महासभा के रजिस्ट्रर में आज भी इसका उल्लेख है इसके अतिरिक्त अखिल भारतीय गढ़वाल महासभा का राष्टीय महाअधिवेशन लालबर्रा में सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। उनके अनुसार इस आयोजन से लालबर्रा क्षेत्र के प्रति महासभा के स्तर पर जो भेदभाव की भावना महसूस की जाती थी,वह काफी हद तक समाप्त हुई और क्षेत्र को एक नई पहचान मिली। वित्तीय पारदर्शिता को लेकर भी उन्होंने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने मंडल अध्यक्ष का कार्यभार संभाला था,उस समय मंडल के बैंक खाते में शून्य बैलेंस था। तीन वर्षों के प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्तमान में खाते में 47,665 रुपये की राशि जमा है और इस राशि का अभी तक कोई व्यय नहीं किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि अपने कार्यकाल के दौरान मंडल की लगभग 23 बैठकें आयोजित की गईं। प्रत्येक बैठक में आय-व्यय और गतिविधियों की जानकारी समाज के लोगों के सामने पारदर्शिता के साथ प्रस्तुत की गई,ताकि समाज के सभी सदस्यों को मंडल की गतिविधियों की जानकारी मिलती रहे और पारदर्शी व्यवस्था बनी रहे। निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अनिल ब्रम्हे ने कहा कि उनका उद्देश्य हमेशा समाज को संगठित करना,सामाजिक समन्वय को मजबूत करना और मंडल को सक्रिय बनाए रखना रहा है।

राष्ट्रबाण
सिवनी, सोमवार 9 मार्च 2026

# सिवनी राष्ट्रबाण

● बरघाट ● छपारा ● धनोरा ● घंसौर ● केवलारी ● कुरई ● लखनादौन ● सिवनी ग्रामीण



# अलविदा पेंच की 'महारानी'

## संघर्ष और ममता की मिसाल बनी लंगड़ी बाघिन ने छोड़ी दुनिया

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

पेंच नेशनल पार्क के घने जंगलों से आज एक युग के अंत की खबर आई है। पार्क की सबसे बुजुर्ग और पर्यटकों की चहेती 'लंगड़ी' बाघिन (ज्ञ-20) अब हमारे बीच नहीं रही, लेकिन वह अपने पीछे संघर्ष, साहस और मातृत्व की एक ऐसी कहानी छोड़ गई है जो वन्यजीव प्रेमियों के दिलों में हमेशा जीवित रहेगी।

### पेंच की सुपरमॉम और विरासत

उसका योगदान सिर्फ उसकी उपस्थिति तक सीमित नहीं था। उसने अपने जीवनकाल में 17 शावकों को जन्म दिया और उन्हें सुरक्षित पाल-पोसकर बड़ा किया। आज पेंच में बाघों का जो बढ़ता कुनबा हम देखते हैं, उसमें ज्ञ-20 का अमूल्य योगदान है। वही कर्माझिरी और अलीकट्टा के जंगलों में उसकी एक दहाड़ पर्यटकों का दिन बना देती थी। वह सिर्फ एक बाघिन नहीं, बल्कि पेंच के संघर्षशील व्यक्तित्व का प्रतीक थी।

### चुनौतियों को दी मात, 18 वर्षों का गौरवशाली सफर

आमतौर पर माना जाता है कि जंगल में जीवित रहने के लिए शारीरिक रूप से पूर्ण होना अनिवार्य है, लेकिन ज्ञ-20 ने इस धारणा को गलत साबित किया। जन्म से ही एक पैर में समस्या होने के बावजूद, उसने 18 वर्षों तक पेंच के साम्राज्य पर राज किया। उसकी इसी जीवटता के कारण वह पर्यटकों और गाइडों के बीच लंगड़ी के नाम से मशहूर हुई। ज्ञ-20 ने न केवल उम्र का पड़ाव पार किया, बल्कि अपनी विश्व प्रसिद्ध बहन कॉलर वाली सुपरमॉम के 17 साल के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया। वह पेंच की सबसे उम्रदराज बाघिन बनी, जो यह दर्शाता है कि पेंच का वातावरण और वहां का प्रबंधन वन्यजीवों के लिए कितना अनुकूल है।

### वन्यजीव प्रेमियों में शोक की लहर

कुरई ब्लॉक और पेंच प्रबंधन के कर्मचारियों ने नम आंखों से अपनी इस बहादुर बेटी को विदाई दी। पेंच के सागौन के ऊंचे पेड़ और पगडंडियां उसकी कमी महसूस करेंगे, लेकिन उसकी विरासत उसके बच्चों के रूप में आज भी जंगल में दौड़ रही है।

सरकारी मशीन पर 'जंग', गरीब की जेब पर 'डाका'

# ...कही प्राइवेट हॉस्पिटल को फायदा पहुंचाने की साजिश तो नहीं?

## सिवनी जिला अस्पताल में सफेद हाथी बनी मशीनें, सिस्टम की सांठगांठ से जनता पस्त

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**कहने** को तो यह जिला अस्पताल है, लेकिन असलियत में यह एक ऐसा सफेद हाथी साबित हो रहा है जिसकी खुराक गरीब जनता का खून-पसीना है। अस्पताल में करोड़ों की चमचमाती सोनोग्राफी मशीन तो है, लेकिन वह मरीजों के इलाज के लिए नहीं, बल्कि धूल फांकने और सरकारी कागजों का पेट भरने के लिए रखी गई है।



**शासकीय हॉस्पिटल:** आम जनता के लिए राहत नहीं, परेशानी का सबब।

### रक्षक ही जब भक्षक बन जाएं

गर्भवती महिलाएं और दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से आए बेबस मरीज अस्पताल की दहलीज पर अपनी बारी का इंतजार करते-करते थक जाते हैं, पर उन्हें इलाज की जगह धिक्कार और तारीख मिलती है। समाजसेविका मनीषा चौहान अध्यक्ष, गूंज संस्था ने प्रशासन की कलई खोलते हुए बताया कि मशीन मौजूद होने के बावजूद जांच न होना एक सोची-समझी साजिश है। मजबूरन, उन गरीब परिवारों को अपनी जमा-पूंजी प्राइवेट सेंटरों की तिजोरियों में उड़ेलनी पड़ रही है।


**मीना बिसेन, भाजपा जिलाध्यक्ष:** भोग रही सत्ता सुख, जनता के दुख से विमुख!


**भारती पारधी, सांसद:** सिवनी हॉस्पिटल की दुर्दशा पर आंखों में पड़ा पर्दा।


**डॉ. जयपाल ठाकुर:** विभाग में बैठा धृतराष्ट्र, नहीं दिख रही दुर्दशा।

### साहब का घिसा-पिटा राग और प्रभारी मंत्री की चुप्पी

जब अव्यवस्था पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल ठाकुर से सवाल हुआ, तो वही पुराना कैसेट पुनः बज उठा रेडियोलॉजिस्ट नहीं है! सवाल यह है कि क्या बीमारियां कैलेंडर देखकर आती हैं? महीने में सिर्फ 2 और 25 तारीख को ही सरकारी मेहरबानी क्यों बरसती है? बाकी के 28 दिन क्या सिस्टम को लकवा मार जाता है?

### कलेक्टर साहिबा! फाइलों से बाहर निकलकर हकीकत देखिए

जिले के मुखिया कलेक्टर साहिबा के अनुशासन के दावों के बीच अस्पताल की यह बदहाली प्रशासनिक विफलता का जीता-जागता प्रमाण है। अगर सरकार करोड़ों खर्च करके मशीन ला सकती है, तो एक डॉक्टर की नियुक्ति की फाइल सालों से क्यों लटकी है? क्या यह जानबूझकर किया गया सिस्टम फेलियर है ताकि प्राइवेट क्लीनिकों की चांदी कटती रहे?

*वही बड़ा सवाल यह है कि आखिर इस लूट का जिम्मेदार कौन है? क्या प्रभारी मंत्री और प्रशासन सिर्फ कागजी आंकड़ों में नंबर एक बनने की होड़ में व्यस्त हैं, जबकि जमीन पर सिवनी की जनता तिल-तिल कर मर रही है? सिवनी की जनता अब यह पूछ रही है कि आखिर कब तक व्यवस्था के नाम पर यह खिलवाड़ चलता रहेगा? साहब, जवाब तो देना होगा।*

हैरानी की बात तो यह है कि जिले के प्रभारी मंत्री और स्थानीय जनप्रतिनिधि, जो विकास के बड़े-बड़े दावे करते नहीं थकते, इस सोनोग्राफी सिंडिकेट पर मौन साधे बैठे हैं। क्या उनकी जिम्मेदारी सिर्फ फीता काटने तक सीमित है? जनता पूछ रही है कि क्या इन रसूखदारों की शह पर ही प्राइवेट सेंटरों के साथ सांठगांठ का यह खेल फल-फूल रहा है?

कोतवाली पुलिस के जाल में फंसा कुख्यात शराब तस्कर कमल मानाठाकुर

# कानून के शिकंजे में शराब तस्कर कमल

## 339.28 लीटर अवैध शराब और बिना नम्बर की बोलेरो जब्त

सिवनी में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात शराब तस्कर कमल मानाठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से बिना नम्बर की बोलेरो वाहन में ले जाई जा रही 339.28 लीटर अवैध शराब बरामद की है, जिसकी कुल कीमत करीब 3.86 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ पहले भी आबकारी एक्ट के कई मामले दर्ज हैं।


पुलिस ने जप्त किया भारी मात्रा में अवैध शराब।

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**सिवनी** जिले में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में रविवार 8 मार्च 2026 को कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी, जब पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए कुख्यात शराब तस्कर कमल मानाठाकुर को अवैध शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 339.28 लीटर अवैध शराब और बिना नम्बर की बोलेरो वाहन जब्त की है।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने यह कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार रविवार को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की एक बोलेरो वाहन में अवैध शराब भरकर शहर में बिक्री के लिए लाई जा रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने तत्काल पुलिस टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने छिंदवाड़ा रोड स्थित द ग्रेड रॉयल होटल के सामने घेराबंदी कर वाहनों की सघन चेकिंग शुरू की। इसी दौरान छिंदवाड़ा की ओर से आ रही बिना नम्बर की सफेद बोलेरो वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन में 14 थैले और 11 कार्टून में भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई।


**कमल मानाठाकुर** कानून के शिकंजे में फंसा शातिर, अवैध शराब तस्कर।


वह बेलेरो वाहन, जिसमें सप्लाई की जा रही थी अवैध शराब।


**सतीश तिवारी, थाना प्रभारी कोतवाली सिवनी:** नशा के अवैध कारोबार की कमर तोड़ देंगे।

### कमल का अवैध शराब तस्करी से पुराना नाता

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी कमल मानाठाकुर पहले से ही अवैध शराब तस्करी के मामलों में संलिप्त रहा है। वर्ष 2024 में भी कोतवाली पुलिस ने उसके कब्जे से एक कार में 223.56 लीटर अवैध शराब बरामद की थी, जिसके बाद उसके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई थी। इतना ही नहीं आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के दो प्रकरण, धारा 34(1) के दो प्रकरण और शासकीय कार्य में बाधा डालने का एक मामला पहले से दर्ज है। बावजूद इसके आरोपी लगातार अवैध शराब के कारोबार में सक्रिय बना हुआ था।

### गिरोह की भी जांच करेगी पुलिस

पुलिस का मानना है कि आरोपी लंबे समय से जिले में अवैध शराब की सप्लाई के नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। इसी कारण अब पुलिस उसके अन्य साथियों और सप्लाई चैन की भी जांच कर रही है। साथ ही पुलिस यह भी पता लगा रही है कि यह शराब किस जिले के किस शराब ठेकेदार से खरीदी गई और यह सिवनी में कैसे खपाई जा रही थी।

### पुलिस के इन जवाजों की रही सराहनीय भूमिका

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक दयाराम शरणागत, सहायक उपनिरीक्षक दिनेश रघुवंशी, प्रधान आरक्षक मुकेश गोडाने, आरक्षक प्रदीप चौधरी, पंकज सोलंकी, अजेन्द्र पाल, सौरभ ठाकुर, लोकेश सरयाम, रत्नेश कुशवाहा, रविंद्र डहेरिया, सुधीर डहेरिया, विश्राम धुर्वे, सतीश इनवाती, सिद्धार्थ दुबे, प्रशांत गजभिये, प्रतीक बघेल और चालक इरफान की विशेष भूमिका रही।

पुलिस ने जब वाहन चालक से शराब से संबंधित दस्तावेज मांगे तो वह कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में चालक ने अपना नाम कमल मानाठाकुर पिता मिठाईलाल मानाठाकुर, उम्र 51 वर्ष, निवासी रेलवे क्रॉसिंग के पास रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी बताया। वाहन की जांच में पुलिस को प्लेन मदिरा 180 लीटर, लाल मसाला 72 लीटर, मैकडोवेल्स रम 43 लीटर, ऑफिसर च्वाइस व्हिस्की 35.28 लीटर और जिनियस व्हिस्की 9 लीटर सहित कुल 339.28 लीटर अवैध शराब मिली। पुलिस ने शराब और बोलेरो वाहन को मौके पर ही जब्त कर लिया।

पुलिस के अनुसार जब्त की गई शराब की कीमत करीब 86,100 रुपये और वाहन की कीमत लगभग 3 लाख रुपये आंकी गई है। इस तरह कुल जब्ती की कीमत 3,86,100 रुपये बताई जा रही है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी कमल मानाठाकुर के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी शराब कहां से लेकर आ रहा था और इसे किस नेटवर्क के माध्यम से शहर में खपाने की योजना थी।

### प्रदेश में उड़द की खेती को किया जा रहा है प्रोत्साहित : कृषि मंत्री श्री कंषाना

**भोपाल।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ किसानों के साथ खड़ी है और उनके हितों की रक्षा के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश में उड़द की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### अध्ययन सह भ्रमण द्वारा केले की खेती की दी गई जानकारी

**छिंदवाड़ा।** म.प्र. जन अभियान परिषद के छिंदवाड़ा जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन एवं विकासखंड समन्वयक संजय बामने के निर्देशन एवं उपस्थिति में रानी सुमन सामाजिक विकास समिति जुन्नारदेव एवं पंख सामाजिक विकास संस्थान जुन्नारदेव के सचिव सुश्री श्रद्धा विश्वकर्मा और पिंकी साहू के सहयोग एवं तत्वावधान में अतिरिक्त कक्षाओं के अंतर्गत ग्राम चिखलमऊ में एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू के छात्रों को अध्ययन सह-भ्रमण के लिए ले जाया गया।

इस दौरान छात्रों को ग्राम के कृषक अनिल पाटिल के बगीचे में लगभग दो एकड़ क्षेत्र में की जा रही केले की खेती का अवलोकन कराया गया।

# सिवनी ने बालाघाट को 216 रनों से हराया, रुशील खेड़ीकर ने ठोका शतक

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in


जबलपुर डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित अंडर 18 क्रिकेट प्रतियोगिता में सिवनी के रुशील खेड़ीकर की आतिशी पारी की बदौलत सिवनी ने बालाघाट की टीम को 216 रनो से हराया।



संघ के सचिव शाहीद नजीर ने बताया सिवनी टीम ने बेटिंग करते हुए निर्धारित 50 ओवरों के मैच में 312 रनों का लक्ष्य दिया सिवनी की और से खेलते हुए रुशील खेड़ीकर ने 139 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए जबकि आदि ने 58 गेंद में 47 रन,अबू हमजा 08 रन,तनिष्क कुमार 08 रन,फैज कबीर 09 रन,हातिम 14 रन,तनिष्क सिंह 18 रन और अक्षय ने 19 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी बालाघाट की टीम सिवनी के गेंद बाजों के सामने टिक नहीं पाई और 32.5 ओवर में 96 रन में सिमट गई। सिवनी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए फैज कबीर ने 05 ओवरों में 17 रन देकर 02 विकेट लिए हातिम ने 7.5 ओवरों में 03 मेडन 12 रन देकर 04 विकेट झटके,अक्षय ने 2 ओवर 01 मेडन 04 रन देकर 01 विकेट लिए वही तनिष्क सिंह ने 09 ओवर 06 मेडन 16 रन देकर 03 विकेट लिए वही हमज़ा ने 05 ओवर में 28 रन दिए लेकिन कोई विकेट नहीं मिला। सिवनी के खिलाड़ियों की बेहतर गेंदबाजी के चलते बालाघाट की टीम 96 रन ही बना पाई।

सिवनी टीम के इस प्रदर्शन पर क्रिकेट ज़िला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राजकुमार पप्पू खुराना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद दत्त दीक्षित, सचिव शाहिद नज़ीर, एडवोकेट पंकज शर्मा, सुरेंद्र राजपूत, जयराज सिंह सेंगर, जय श्रीवास्तव, राकेश जैन, प्रदीप नखाते, निरंजन बंटी सराठे, गोंची नागलकर, शुभम तिवारी, बंटी बिसेन,सुमित नागवानी,संदीप छँगवानी सहित समस्त क्रिकेट प्रेमियों और जिला क्रिकेट संघ सिवनी के समस्त सदस्यों ने उन्हें बधाईयां प्रेषित करते हुए टीम के लिए शुभकामनाएं दी हैं।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433